INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# HPSC – HCS

## HARYANA PUBLIC SERVICE COMMISSION

## प्रारंभिक परीक्षा हेतु

**भाग – 2**

## भारत का इतिहास और कला एवं संस्कृति

# प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**HPSC-HCS (Haryana Public Service Commission – Haryana Civil Service) (प्रारंभिक परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **हरियाणा लोक सेवा आयोग (HPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**HPSC-HCS**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/**

**अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/**


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/ua8u6t**

**Online Order करें - http://surl.li/pclyv**


**मूल्य : ₹**

**संस्करण : नवीनतम**

| | प्राचीन भारत का इतिहास | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | अध्याय | पेज न. |
| 1. | भारत के सांस्कृतिक आधार एवं सभ्यताएँ<br>• सिन्धु घाटी सभ्यता<br>• वैदिक काल<br>• उत्तर वैदिक काल<br>• छठी शताब्दी ई. पू. की श्रमण परम्परा | 1 |
| 2. | प्राचीन और मध्यकाल में भारत के धार्मिक आंदोलन और धर्म दर्शन<br>• आजीवक सम्प्रदाय<br>• बौद्ध धर्म<br>• जैन धर्म<br>• प्रमुख धार्मिक विचारक | 14 |
| 3. | प्रमुख राजवंशों के महत्वपूर्ण शासकों की उपलब्धियां<br>• मौर्य वंश<br>• कुषाण वंश<br>• सातवाहन राजवंश<br>• गुप्त वंश<br>• चालुक्य वंश<br>• पल्लव वंश<br>• चोल वंश | 30 |
| 4. | प्राचीन भारत में प्रमुख कलाएँ और वास्तुकला<br>• सिन्धु घाटी सभ्यता से ब्रिटिश काल तक की कलाएं<br>• भारतीय चित्रकला | 56 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भारतीय नृत्य कलाएं | |
| 5. | प्राचीन भारत में भाषा और साहित्य का विकास<br>• प्राचीन भारतीय साहित्य<br>• संस्कृत, प्राकृत एवं तमिल<br>• प्रमुख साहित्यिक रचनायें | 83 |
| | मध्यकालीन भारत | |
| 1. | भारत में अरब आक्रमण | 98 |
| 2. | सल्तनत काल के प्रमुख राजवंश<br>• बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य | 101 |
| 3. | मुग़ल वंश / मुग़ल साम्राज्य | 115 |
| 4. | मध्यकाल में प्रमुख कलाएँ और स्थापत्य वास्तुकला<br>• चित्रकला एवं संगीत का विकास | 120 |
| 5. | भक्ति तथा सूफी आंदोलन<br>• भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत<br>• सूफी आंदोलन<br>• धार्मिक एवं साहित्यिक योगदान | 128 |
| | आधुनिक भारत का इतिहास | |
| 1. | आधुनिक भारत का विकास<br>• यूरोपीय कम्पनियों का आगमन<br>• बंगाल में ब्रिटिश फैक्ट्रियों की स्थापना<br>• मुग़ल साम्राज्य का पतन<br>• मराठा साम्राज्य<br>• गवर्नर, गवर्नर जनरल & वायसराय एवं उनके कार्य | 133 |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | राष्ट्रवाद का उदय<br>• 1857 की क्रांति से पूर्व के विद्रोह<br>• 1857 की क्रांति<br>• भारत में पश्चिमी शिक्षा का उदय<br>• राजनीतिक-धार्मिक आंदोलन फकीर विद्रोह | 154 |
| 3. | स्वतंत्रता संघर्ष भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन<br>• राष्ट्रीय आंदोलन के उदय के कारण<br>• कांग्रेस की स्थापना<br>• नरमपंथी / उदारवादी चरण / उग्रवादी आंदोलन<br>• उग्रवादी आंदोलन<br>• गाँधी वाद<br>• महत्वपूर्ण व्यक्तित्व | 177 |
| 4. | स्वातंत्र्योत्तर राष्ट्र निर्माण और पुनर्गठन<br>• 1945 -1947 के बीच का भारत<br>• देशी रियासतों का एकीकरण<br>• पुर्तगाली उपनिवेशों का विलय | 225 |

# अध्याय – 2
# प्राचीन और मध्य काल में भारत के धार्मिक आंदोलन और धर्म दर्शन

- **नये धार्मिक विचार-**
  **आजीवक सम्प्रदाय**
- आजीवक या आजीविक सम्प्रदाय दुनिया की प्राचीन दर्शन परम्परा में भारतीय जमीन पर विकसित प्रथम नास्तिकवादी या भौतिक वादी सम्प्रदाय था ।
- इसकी स्थापना मक्खलिपुत्र गोशाल द्वारा की गयी थी ।
- ऐसा माना जाता है कि मक्खलिपुत्र गोशाल पहले महावीर के शिष्य थे, किन्तु बाद में मतभेद हो जाने पर उन्होंने महावीर का साथ छोड़ दिया तथा आजीवक नामक स्वतंत्र सम्प्रदाय की स्थापना की ।
- आजीवक सम्प्रदाय लगभग 1002 ई. तक बना रहा।
- इनका मत नियतिवाद या भाग्यवाद पर आधारित था । जिसके अनुसार संसार की प्रत्येक वस्तु भाग्य द्वारा पूर्व नियंत्रित एवं संचालित होती है ।
- इनके अनुसार मनुष्य के जीवन पर उसके कर्मों का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है ।
- महावीर के समान गोशाल भि ईश्वर की सत्ता में विश्वास नहीं करते थे । तथा जीव और पदार्थ को अलग-अलग तत्व मानते थे ।
- इस सम्प्रदाय के स्वयं के कोई ग्रंथ या अभिलेख वर्तमान में प्राप्त नहीं हैं ।
- इस सम्प्रदाय का उल्लेख तत्कालीन धर्मग्रंथों तथा अशोक के अभिलेखों के आलावा मध्यकाल के स्त्रोतों तक में मिलता है ।
- ऐसा माना जाता है कि आजीवक सम्प्रदाय के अनुयायी (आजीवक श्रमण) नग्न रहते थे तथा परिव्राजकों अर्थात् सन्यासियों की भांति घूमते थे । ईश्वर पुनर्जन्म और कर्म अर्थात् कर्मकाण्ड में इनका विश्वास नहीं था ।
- ये जाति व्यवस्था के घोर विरोधी थे और समानता पर जोर देते थे ।
- आजीवक सम्प्रदाय का तत्कालीन जनमानस और राज्यसत्ता पर काफी गहरा प्रभाव था ।
- अशोक और उसके पोते दशरथ नए बिहार के जहानाबाद (पुराना "गया", जिला) स्थित बराबर की पहाड़ियों में सात गुफाओं का निर्माण कर उन्हें आजीवकों को समर्पित किया था ।

**जैन व बौद्ध धर्म**

उदय के कारण→

- छठी शताब्दी ई.पू. में वैदिक संस्कृति कर्मकाण्डों व आडम्बरों से ग्रसित हो गई।
- परिणाम सामाजिक कुरीतियां
- समाज में ऊँच-नीच जात-पात का भेदभाव बढ़ने लगा।
- जनता में असंतोष बढ़ा ।
- **मध्य गंगा घाटी में** इसी समय 62 सम्प्रदायों का उदय हुआ । उनमें **जैन और बौद्ध** सम्प्रदाय प्रमुख थे ।

**बौद्ध धर्म**

- बौद्ध धर्म के **संस्थापक गौतम बुद्ध थे ।**
  सिद्धार्थ-बचपन का नाम - सिद्धि प्राप्त करने के लिए जन्म लेने वाला ।
- जन्म 563 ई.पू. - लुम्बिनी (नेपाल)
- कुल- शाक्य (क्षत्रिय कुल)
- बुद्ध की माता – महामाया
- बुद्ध की माता की मृत्यु के बाद पालन पोषण महाप्रजापति गौतमी ने किया था ।
- पिता – शुद्धोधन
- बुद्ध का विवाह - यशोधरा से
  बुद्ध के पुत्र का नाम राहुल था ।

**महाभिनिष्क्रमण**

- 29 वर्ष की आयु में
- सांसारिक जीवन का त्याग कर दिया था ।
- अनोमा नदी के तट पर सिर मुण्डन
- काषाय वस्त्र धारण किये ।
- प्रथम गुरु आलार कलाम थे ।
- सांख्य दर्शन के आचार्य
- बाद में उरुवेला (बोधगया) प्रस्थान
- यहाँ पांच साधक मिले ।
- इनमें कौण्डिय प्रमुख थे ।

**ज्ञान प्राप्ति** –

- 35 वर्ष की आयु में – बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई ।
- **वैशाख पूर्णिमा को पीपल के वृक्ष के नीचे निरंजना नदी (पुनपुन) के तट पर ज्ञान की प्राप्ति हुई।**
- इसी दिन से **गौतम बुद्ध तथागत** कहलाये तथा गौतम बुद्ध नाम भी यहीं से हुआ।
  जिसने सत्य को प्राप्त कर लिया।
  **धर्मचक्र प्रवर्तन**- सारनाथ में
- बोधगया से सारनाथ आये
- प्रथम उपदेश दिया-5 ब्राह्मण सन्यासियों को मागधी भाषा में ।
- गौतम बुद्ध का बौद्ध संघ में प्रवेश हुआ ।
- सर्वप्रथम अनुयायी –
  तपस्स जाट शुद्र
  कालिक }
- प्रिय शिष्य- आनन्द

**बौद्ध धर्म की प्रथम महिला भिक्षु - गौतमी** (बुद्ध की मौसी)

**अन्तिम उपदेश**

- **कुशीनारा में** सुभच्छ को दिया
- हिरण्यवती नदी तट पर

**महापरिनिर्वाण (मृत्यु)**

- कुशीनारा में 483 ई.पू.
- 80 वर्ष की आयु में
- बुद्ध के अवशेष **8 भागों में** डाले गये जहां स्तूप बनाये गये।

**वैशाख पूर्णिमा का महत्व**

- वैशाख पूर्णिमा को **बुद्ध पूर्णिमा** भी कहते हैं।
- गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति
- महापरिनिर्वाण - वैशाख पूर्णिमा को
  अपवाद-महाभिनिष्क्रमण
- गौतम बुद्ध में 32 महापुरुषों के लक्षण बताये गये है।

**बुद्ध के प्रमुख वचन**

- जीवन कष्टों से भरा है।
- लिप्सा तृष्णा का ही दूसरा रूप है।

**बौद्ध धर्म के त्रिरत्न**

- **बुद्ध, धम्म, संघ**

**बुद्ध के चार आर्य सत्य**

1. दुःख
2. दुःख समुदाय
3. दुःख निरोध (निवारण)
4. प्रतिपदा

- इन्हीं का कालान्तर में विस्तार होकर ये **अष्टांगिक मार्ग कहलाये।**
- भिक्षुओं का कल्याण मित्र

**अष्टांगिक मार्ग**

1. सम्यक दृष्टि
2. सम्यक संकल्प
3. सम्यक वाणी
4. सम्यक कर्मान्त
5. सम्यक आजीव
6. सम्यक व्यायाम
7. सम्यक स्मृति
8. सम्यक समाधि

- समाधि मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य निर्वाण प्राप्ति।
- जीवन-मरण चक्र से मुक्ति

**बौद्ध धर्म**

- अनीश्वरवादी
- पुनर्जन्म में विश्वास
- अनात्मवादी धर्म

**बौद्ध धर्म के प्रतीक**

| | |
|---|---|
| जन्म - | कमल व साण्ड |
| गृहत्याग - | घोड़ा |
| ज्ञान - | पीपल |
| निर्वाण - | पदचिन्ह |
| मृत्यु - | स्तूप |

- बौद्ध धर्म का सर्वाधिक विस्तार कोशल राज्य में।
- **बौद्ध धर्म के सर्वाधिक उपदेश श्रावस्ती में दिये गये।**
- बौद्ध धर्म के प्रचार केन्द्र - मगध

**बौद्ध संगीतियां**

1. 483 ई.पू. संरक्षक शासनकाल में अजातशत्रु के राजगृह में रचना रची गयी।
   सुत्तपिटक (बुद्ध के उपदेश) विनयपिटक (संघ के नियम)
   अध्यक्ष – महाकस्सप
2. 383 ई.पू. संरक्षक - कालाशोक
   वैशाली में - भिक्षुओं में मतभेद
   अध्यक्ष – सर्वकामिनी
3. 250 / 251 ई.पू. संरक्षक शासनकाल में - अशोक
   पाटलिपुत्र में रचना रची गयी
   अभिधम्मपिटक
   (बुद्ध के दार्शनिक विचार)
   अध्यक्ष – मोग्गलिपुत्त तिस्स
4. प्रथम शताब्दी संरक्षक - कनिष्क
   कुण्डलवन में (कश्मीर) हीनयान व महायान (सम्प्रदाय में बंटा)
   अध्यक्ष – वसुमित्र

- विहार - बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान
- चैत्य - पूजास्थल

**बौद्ध धर्म को अपनाने वाले प्रमुख शासक**

- बिम्बिसार - बुद्ध का मित्र
- प्रसेनजीत
- उदायिन
- अशोक – महेन्द्र (पुत्र), संघमित्रा(पुत्री)
- बौद्ध धर्म का प्रचार करने श्रीलंका गये।

**नालन्दा विश्वविद्यालय**

- **गुप्त शासक कुमारगुप्त ने बौद्ध धर्म की शिक्षा के लिए स्थापित किया।**
- बौद्ध धर्म का अध्ययन करने हेतु आये।
- फाह्यान, ह्वेनसांग (चीनी यात्री)।
- अजातशत्रु प्रारम्भ में जैनधर्म का अनुयायी था बाद में बौद्ध धर्म का अनुयायी बना।

**बौद्ध धर्म की प्रमुख महिला अनुयायी**

- गौतमी
- नंदा
- मल्लिका
- खेमा
- विशाखा
- यशोधरा
- आम्रपाली
- सुप्रवासा

**बौद्ध धर्म के प्रतीक महात्मा बुद्ध के प्रमुख आठ स्थान**

- लुम्बिनी
- बोधगया
- सारनाथ

- **24वें-तीर्थंकर वर्धमान महावीर** थे ।
- जैन धर्म के वास्तविक संस्थापक महावीर स्वामी ।
- जन्म 540 ई.पू. कुण्डग्राम में ।
- बचपन का नाम वर्धमान
- पिता- सिद्धार्थ
- माता – त्रिशला
- पत्नी – यशोदा
- पुत्री – प्रियदर्शना (अणोज्जा)
- दामाद – जमालि
- गृहत्याग 30 वर्ष की आयु में
- ज्ञान प्राप्ति 42 वर्ष की आयु में **ज्रम्भिक ग्राम** में ऋजुपालिका नदी के किनारे साल वृक्ष के नीचे उन्हें **कैवल्य ज्ञान की प्राप्ति हुई** ।
- उपदेश- अर्द्ध-मागधी भाषा में
- प्रथम उपदेश राजगृह में
- प्रथम शिष्य- जमालि
- चम्पा नरेश दधिवाहन की पुत्री चन्दना प्रथम भिक्षुणी थी ।
- महावीर स्वामी की मृत्यु 468 ई.पू. पावापुरी बिहार में
- महावीर शिक्षा प्राकृत भाषा में देते थे ।

**जैन धर्म के पंच महाव्रत**

1. सत्य वचन
2. अस्तेय (चोरी मत करो)
3. अंहिसा
4. अपरिग्रह (धन संचय मत करो)
5. ब्रह्मचर्य

**त्रिरत्न (मोक्ष प्राप्ति के साधन)**

- **सम्यक ज्ञान**
- **सम्य दर्शन**
- **सम्यक चरित्र**

- जैनधर्म में पुनर्जन्म में विश्वास तथा कर्मवाद में विश्वास पर बल

**<u>संघ</u>**

- महावीर ने एक संघ की स्थापना की ।
- इस संघ के **11 अनुयायी** बने जो **गणधर** कहलाये।
- 11 में से 10 महावीर की मृत्यु होने से पहले मोक्ष प्राप्त कर चुके थे।

  एक ही जीवित था - सुधर्मण

**<u>जैन संगीतियां (सभायें)</u>**

**प्रथम- 300 ई.पू.**

- पाटलिपुत्र में
- चन्द्रगुप्त मौर्य (संरक्षक)
- अध्यक्ष – स्थूलभद्र
- जैन धर्म दो भागों में विभाजित
- **श्वेताम्बर** - सफेद कपड़े वाले
- **दिगम्बर** - नग्न रहने वाले

- 12 अंगों का संकलन किया गया था ।

**द्वितीय** - 512 ई.पू. /513/526 ई.पू.

- वल्लभी में
- क्षमाश्रवण (संरक्षक)
- जैन ग्रंथों का अन्तिम रूप से संकलन
- मुख्य बिंदु कुल 11 अंगों को लिपिबद्ध किया गया ।

- **जैन धर्म का सबसे बड़ा केन्द्र चम्पानगरी**
- चन्द्रगुप्त मौर्य ने कर्नाटक में जैन धर्म का विस्तार किया।
- **चन्दना प्रथम जैन महिला भिक्षुणी**
- हाथी गुम्फा अभिलेख (खारवेल)

  प्रारम्भिक जैन अवशेष
- महावीर के अनुयायियों को मूलतः निग्रंथ कहा जाता था ।
- दो जैन तीर्थंकरों ऋषभदेव एवं अरिष्टनेमी के नामों का उल्लेख ऋगवेद में मिलता है । अरिष्टनेमी को भगवान कृष्ण का निकट संबंधी माना जाता है ।
- जैन धर्म दो भागों में बंटा हुआ है ।
- श्वेताम्बर एवं दिगम्बर
- श्वेताम्बर (श्वेत वस्त्र धारण करने वाले स्थूलभद्र के शिष्य कहलाये )
- दिगम्बर (नग्न रहने वाले भद्रबाहु के शिष्य कहलाये)
- जैनधर्म में ईश्वर की मान्यता नहीं है । जैन धर्म में आत्मा की मान्यता है ।
- जैनधर्म ने अपने आध्यात्मिक विचारों को सांख्य दर्शन से ग्रहण किया ।
- मैसूर के गंग वंश के मंत्री, चामुंड के प्रोत्साहन से कर्नाटक के श्रवणबेलगोला में 10 वी. शताब्दी के मध्य भाग में विशाल बाहुबली की मूर्ति गोमतेश्वर की मूर्ति का निर्माण किया गया गोमतेश्वर की प्रतिमा कायोत्सर्ग मुद्रा में है । यह मूर्ति 18 मी. ऊँची है एवं एक ही चट्टान को कटकर बनाई गई है ।
- खजुराहों में जैन मंदिरों का निर्माण चंदेल शासकों द्वारा किया गया ।
- मौर्योत्तर युग में मथुरा जैन धर्म का प्रसिद्ध केन्द्र था । मथुरा कला का संबंध जैनधर्म से था।
- जैनधर्म तीर्थंकरों की जीवनी भद्रबाहु द्वारा रचित कल्पसूत्र में है ।
- 72 वर्ष की आयु में महावीर की मृत्यु (निर्वाण )468 ईसा पूर्व में बिहार राज्य के पावापुरी (राजगीर )में हुई थी ।
- जैन धर्म का प्रतीक चिन्ह सांड है ।
- पार्श्वनाथ का प्रतीक चिन्ह सर्प है ।
- महावीर स्वामी का प्रतीक चिन्ह सिंह है ।
- स्यादवाद सप्तभंगी ज्ञान को कहते हैं ।
- जैन संघ को महासभा कहा जाता था ।
- जैन धर्म का महत्त्वपूर्ण ग्रंथ कल्पसूत्र संस्कृत भाषा में लिखा गया है ।
- जैनधर्म के अनुसार ज्ञान पांच प्रकार का होता है । मति , श्रुति , अवधि , मनःपर्याय , कैवल्य ।
- जैन धर्म के दो प्रकार के शील व्रत है । (1) गुणव्रत (2) शिक्षाव्रत
- ज्ञान प्राप्ति के बाद महावीर स्वामी ने पावापुरी में जैनसंघ की स्थापना की थी ।

## अध्याय – 4
## प्राचीन भारत में प्रमुख कलाएँ और वास्तुकला

- ***सिन्धु घाटी सभ्यता से ब्रिटिश काल तक की कलाएं***
*नदी की घाटी में कला का उद्भव ईसा पूर्व तीसरी सह शताब्दी के उत्तरार्द्ध में हुआ था। इस सभ्यता के विभिन्न स्थलों से कला के जो रूप प्राप्त हुए हैं, उनमें प्रतिमाएँ, मुहरें, मिट्टी के बर्तन, आभूषण, पकी हुई मिट्टी की मूर्तियाँ आदि शामिल हैं। उस समय के कलाकारों में निश्चित रूप से उच्च कोटि की कलात्मक सूझ-बूझ और कल्पनाशक्ति विद्यमान थी।*
***सिन्धु घाटी सभ्यता के दो प्रमुख स्थल हड़प्पा और मोहनजोदड़ों*** *नामक दो नगर थे, जिनमें से हड़प्पा उत्तर में और मोहनजोदड़ों दक्षिण में सिन्धु नदी के तट पर बसे हुये थे। ये दोनों नगर सुंदर नगर नियोजन की कला के प्राचीनतम उदाहरण थे।*
*इन नगरों में रहने के मकान, बाजार, भंडार घर, कार्यालय, सार्वजनिक स्नानागार आदि सभी अत्यंत व्यवस्थित रूप से यथास्थान बनाए गए थे। इन नगरों में जल निकासी की व्यवस्था भी काफी विकसित थी। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ों इस समय पाकिस्तान में स्थित हैं।*
*कुछ अन्य महत्त्वपूर्ण स्थलों से भी हमें कला-वस्तुओं के नमूने मिले हैं, जिनके नाम हैं- लोथल और धौलावीरा (गुजरात), राखीगढ़ी (हरियाणा), रोपड़ (पंजाब) तथा कालीबंगा (राजस्थान)।*

### पत्थर की मूर्तियाँ

- *हड़प्पाई स्थलों पर पाई गईं मूर्तियाँ, भले ही वे पत्थर, कांसे या मिट्टी की बनी हों, संख्या की दृष्टि से बहुत अधिक नहीं हैं पर कला की दृष्टि से उच्च कोटि की हैं। हड़प्पा और मोहनजोदड़ों में पाई गई*
- *पत्थर की मूर्तियाँ त्रि-आयामी वस्तुएं बनाने का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। पत्थर की मूर्तियों में दो पुरुष प्रतिमाएं बहुचर्चित हैं, जिनमें से एक पुरुष धड़ है, जो लाल चूना पत्थर का बना है और दूसरी दाढ़ी वाले पुरुष की आवक्ष मूर्ति है, जो सेलखड़ी की बनी है।*
- *दाढ़ी वाले पुरुष को धार्मिक व्यक्ति माना जाता है। इस आवक्ष एक मूर्ति को शॉल ओढ़े हुए दिखाया गया है। शॉल बाएं कंधे के ऊपर से और दाहिनी भुजा के नीचे से डाली गई है। शॉल त्रिफुलिया नमूनों से सजी हुई है। आँखें कुछ लंबी और आधी बंद दिखाई गई हैं, मानों वह पुरुष ध्यानावस्थित हो।*
- *कान सीप जैसे दिखाई देते हैं और उनके बीच में छेद हैं। बालों को बीच की मांग के द्वारा दो हिस्सों में बाँटा गया है और सिर के चारों ओर एक सादा बना हुआ फीता बंधा हुआ दिखाया गया है। दाहिनी भुजा पर एक बाजूबंद है और गर्दन के चारों ओर छोटे-छोटे छेद बने हैं जिससे लगता है कि वह हार पहने हुए है ।*

### कांसे की ढलाई

- *हड़प्पा के लोग कांसे की ढलाई बड़े पैमाने पर करते थे और इस काम में प्रवीण थे। इनकी कांस्य मूर्तियाँ कांसे को ढालकर बनाई जाती थी। इस तकनीक के अंतर्गत सर्वप्रथम मोम की एक प्रतिमा या मूर्ति बनाई जाती थी।*
- *इसे चिकनी मिट्टी से पूरी तरह लीपकर सूखने के लिए छोड़ दिया जाता था। जब वह पूरी तरह सूख जाती थी तो उसे गर्म किया जाता था और उसके मिट्टी के आवरण में एक छोटा सा छेद बनाकर उस छेद के रास्ते सारा पिघला हुआ मोम बाहर निकाल दिया जाता था ।*
- *इसके बाद चिकनी मिट्टी के खाली सांचे में उसी छेद के रास्ते पिघली हुई धातु भर दी जाती थी। जब वह धातु ठंडी होकर ठोस हो जाती थी तो चिकनी मिट्टी के आवरण को हटा दिया जाता था।*
- *कांस्य में मनुष्यों और जानवरों दोनों की ही मूर्तियाँ बनाई गई हैं।* ***मानव मूर्तियों का सर्वोत्तम नमूना है एक लड़की की मूर्ति, जिसे नर्तकी के रूप में जाना जाता है।*** *कांसे की बनी हुई जानवरों की मूर्तियों में भैंस और बकरी की मूर्तियाँ विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। भैंस का सिर और कमर ऊँची उठी हुई है तथा सींग फैले हुए हैं।* ***सिन्धु सभ्यता के सभी केंद्रों में कांसे की ढलाई का काम बहुतायत में होता था।***

### मृणमूर्तियाँ (टेराकोटा)

- *सिन्धु घाटी के लोग मिट्टी की मूर्तियाँ भी बनाते थे लेकिन वे पत्थर और कांसे की मूर्तियों जितनी बढ़िया नहीं होती थीं। सिन्धु घाटी की मूर्तियों में* ***मातृदेवी की प्रतिमाएं अधिक*** *उल्लेखलीय हैं।*
- *कालीबंगा और लोथल में पाई गई नारी मूर्तियाँ हड़प्पा और मोहनजोदड़ों में पाई गई मातृदेवी की मूर्तियों से बहुत ही अलग तरह की हैं। मिट्टी की मूर्तियों में कुछ दाढ़ी-मूँछ वाले ऐसे पुरुषों की भी छोटी-छोटी मूर्तियाँ पाई गई हैं, जिनके बाल गुंथे हुए (कुंडलित) हैं, जो एकदम सीधे खड़े हुए हैं, टांगें थोड़ी चौड़ी हैं और भुजाएं शरीर के समानांतर नीचे की ओर लटकी हुई हैं।*
- *ठीक ऐसी ही मुद्रा में मूर्तियाँ बार-बार पाई गईं हैं, जिससे यह प्रतीत होता है कि ये किसी देवता की मूर्तियाँ हैं। एक सींग वाले देवता का मिट्टी का बना मुखौटा भी मिला है। इनके अलावा, मिट्टी की बनी पहिएदार गाड़ियाँ, छकड़े, सीटियाँ, पशु-पक्षियों की आकृतियाँ, खेलने के पासे, गिट्टियाँ, चक्रिका (डिस्क) भी मिली हैं।*

### मुद्राएँ (मुहरें)

- *पुरातत्वविदों को हज़ारों की संख्या में मुहरें (मुद्राएं) मिली हैं, जो आमतौर पर सेलखड़ी और कभी-कभी गोमेद,*

चकमक पत्थर, तांबा, कांस्य और मिट्टी से बनाई गई थीं। उन पर एक सींग वाले साँड़, गैंडा, बाघ, हाथी, जंगली भैंसा, बकरा, भैंसा आदि पशुओं की सुंदर आकृतियाँ बनी हुई थीं।

- इन आकृतियों में प्रदर्शित विभिन्न स्वाभाविक मनोभावों की अभिव्यक्ति विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इन मुद्राओं को तैयार करने का **उद्देश्य मुख्यतः वाणिज्यिक था।** ऐसा प्रतीत होता है कि ये मुद्राएं बाजूबंद के तौर पर भी कुछ लोगों द्वारा पहनी जाती थीं जिनसे उन व्यक्तियों की पहचान की जा सकती थी, । जैसे कि आजकल लोग पहचान पत्र धारण करते हैं।
- हड़प्पा की मानक मुद्रा 2x2 इंच की वर्गाकार पटिया होती थी, जो आमतौर पर सेलखड़ी से बनाई जाती थी। प्रत्येक मुद्रा में एक चित्रात्मक लिपि खुदी होती थी जो अभी तक पढ़ी नहीं जा सकी है। कुछ मुद्राएँ हाथीदांत की भी पाई गई हैं।
- मुद्राओं के डिज़ाइन अनेक प्रकार के होते थे पर अधिकांश में कोई जानवर, जैसे कि कूबड़दार या बिना कूबड़ वाला साँड़, हाथी, बाघ, बकरे और दैत्याकार जानवर बने होते हैं।
- उनमें कहीं-कहीं पेड़ों और मानवों की आकृतियाँ भी बनी पाई गई हैं। इनमें **सबसे अधिक उल्लेखनीय एक ऐसी मुद्रा है जिसके केंद्र में एक मानव आकृति और उसके चारों ओर कई जानवर बने हैं।** इस मुद्रा को कुछ विद्वानों द्वारा **पशुपति मुद्रा कहा जाता है** (आकार 1/2 से 2 इंच तक के वर्ग या आयत के रूप में) जबकि कुछ अन्य इसे किसी देवी की आकृति मानते हैं। इस मुद्रा में एक मानव आकृति पालथी मारकर बैठी हुई दिखाई गई है।
- इस मानव आकृति के दाहिनी ओर एक हाथी और एक बाघ (शेर) है जबकि बाँयी ओर एक गैंडा और भैंसा दिखाए गए हैं। इन पशुओं के अलावा, स्टूल के नीचे दो बारहसिंगे हैं। इस तरह की मुद्राएं 2500-1900 ई. पू. की हैं और ये सिन्धु घाटी के प्राचीन नगर मोहनजोदड़ो जैसे अनेक पुरास्थलों पर बड़ी संख्या में पाई गई हैं। इनकी सतहों पर मानव और पशु आकृतियाँ उत्कीर्ण हैं।
- इन मुद्राओं के अलावा, तांबे की वर्गाकार या आयताकार पट्टियाँ (टैबलेट) पाई गई हैं, जिनमें एक ओर मानव आकृति और दूसरी ओर कोई अभिलेख अथवा दोनों ओर ही कोई अभिलेख है। इन पट्टियों पर आकृतियाँ और अभिलेख किसी नोकदार औजार (छेनी) से सावधानीपूर्वक काटकर अंकित किए गए हैं। मृद्भाण्ड
- इन पुरास्थलों से बड़ी संख्या में प्राप्त मृद्भाण्डों (मिट्टी के बर्तनों) की शक्ल सूरत तथा उन्हें बनाने की शैलियों से हमें तत्कालीन डिज़ाइनों के भिन्न-भिन्न रूपों तथा विषयों के विकास का पता चलता है।
- **सिन्धु घाटी में पाए गए मिट्टी के बर्तन** अधिकतर कुम्हार की चाक पर बनाए गए बर्तन हैं, हाथ से बनाए गए बर्तन नहीं।
- इनमें रंग किए हुए बर्तन कम और सादे बर्तन अधिक हैं। ये सादे बर्तन आमतौर पर लाल चिकनी मिट्टी के बने हैं। इनमें से कुछ पर सुंदर लाल या स्लेटी लेप लगी है। कुछ घुंडीदार पात्र हैं, जो घुंडियों की पंक्तियों से सजे हैं।
- काले रंगीन बर्तनों पर लाल लेप की एक सुंदर परत है, जिस पर चमकीले काले रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ और पशुओं के डिज़ाइन बने हैं।
- बहुरंगी मृद्भाण्ड बहुत कम पाए गए हैं। इनमें मुख्यतः छोटे-छोटे कलश शामिल हैं जिन पर लाल, काले, हरे और कभी-कभार सफ़ेद तथा पीले रंगों में ज्यामितीय आकृतियाँ बनी हुई हैं। उत्कीर्णित बर्तन भी बहुत कम पाए गए हैं, और जो पाए गए हैं उनमें उत्कीर्णन की सजावट पेंदे पर और बलि-स्तंभ की तश्तरियों तक ही सीमित थी।

**आभूषण-**

- हड़प्पा के पुरुष और स्त्रियां अपने आपको तरह-तरह के आभूषणों से सजाते थे। ये **गहने बहुमूल्य धातुओं और रत्नों से लेकर हड्डी और पकी हुई मिट्टी तक के बने होते थे।**
- गले के हार, फीते, बाजूबंद और अंगूठियाँ आमतौर पर पुरुषों और स्त्रियों दोनों के द्वारा समान रूप से पहनी जाती थीं, पर करधनियाँ, बुंदे (कर्णफूल) और पैरों के कड़े या पैंजनियाँ स्त्रियाँ ही पहना करती थीं। मोहनजोदड़ो और लोथल से ढेरों गहने मिले हैं, जिनमें सोने और मूल्यवान नगो के हार, तांबे के कड़े और मनके, सोने के कुंडल, बुंदे/झुमके और शीर्ष 3 -आभूषण, लटकनें तथा बटने और सेलखड़ी के मनके तथा बहुमूल्य रत्न शामिल हैं।
- सभी आभूषणों को सुंदर ढंग से बनाया गया है। यह ध्यान देने वाली बात है कि **हरियाणा के फरमाना पुरास्थल पर एक कब्रिस्तान (शवाधान) पाया गया है, जहाँ शवों को गहनों के साथ दफनाया गया है।**
- चन्हुदड़ों और लोथल में पाई गई कार्यशालाओं से पता चलता है कि मनके बनाने का उद्योग काफी अधिक विकसित था। मनके कार्नीलियन, जमुनिया, सूर्यकांत, स्फटिक, कांचमणि, सेलखड़ी, फीरोज़ा, लाजवर्द मणि आदि के बने होते थे।
- इसके अलावा तांबा, कांसा और सोने जैसी धातुएँ और शंख-सीपियां और पकी मिट्टी भी मनके बनाने के काम में आती थीं। मनके तरह-तरह के रूप और आकार के होते थे— कोई तश्तरीनुमा बेलनाकार, गोल या ढोलकाकार होता था तो कोई कई खंडों में विभाजित कुछ मनके दो या अधिक पत्थरों के जोड़ से बने होते थे, कुछ पत्थर पर सोने का आवरण चढ़ा होता था, कुछ को काटकर या रंगकर सुंदर बनाया जाता था तो कुछ में तरह-तरह के नमूने खुदे होते थे।

**हड़प्पा के लोग पशुओं, विशेष रूप से बंदरों और गिलहरियों के नमूने बनाते थे,** जो एकदम असली जैसे दिखाई देते थे। इनका उपयोग पिन की नोक और मनकों के रूप में किया जाता था।

**सिन्धु घाटी के घरों में बड़ी संख्या में तकुए और तकुआ चक्रिया भी मिली हैं,** जिससे पता चलता है कि उन दिनों

**मंदिर वास्तुकला**

- मंदिर निर्माण की प्रक्रिया का आरंभ तो मौर्य काल से ही शुरू हो गया था किंतु आगे चलकर उसमें सुधार हुआ और गुप्त काल को मंदिरों की विशेषताओं से लैस देखा जाता है।
- संरचनात्मक मंदिरों के अलावा एक अन्य प्रकार के मंदिर थे जो **चट्टानों को काटकर** बनाए गए थे। इनमें प्रमुख है **महाबलिपुरम का रथ-मंडप जो 5वीं शताब्दी का है।**
- गुप्तकालीन मंदिर आकार में बेहद छोटे हैं । एक वर्गाकार चबूतरा (ईंट का) है जिस पर चढ़ने के लिये सीढ़ी है तथा बीच में चौकोर कोठरी है जो गर्भगृह का काम करती है।
- कोठरी की छत भी सपाट है व अलग से कोई प्रदक्षिणा पथ भी नहीं है।
- इस प्रारंभिक दौर के निम्नलिखित मंदिर हैं जो कि भारत के प्राचीनतम संरचनात्मक मंदिर हैं: तिगवा का विष्णु मंदिर (जबलपुर, मध्यप्रदेश), भूमरा का शिव मंदिर (सतना, मध्यप्रदेश), नचना कुठार का पार्वती मंदिर (पन्ना, मध्यप्रदेश), देवगढ़ का दशावतार मंदिर (ललितपुर, उत्तरप्रदेश), भीतरगाँव का मंदिर (कानपुर, उत्तरप्रदेश) आदि।
- मंदिर स्थापत्य संबंधी अन्य नाम, जैसे- पंचायतन, भूमि, विमान भद्रथ, कर्णरथ और प्रतिरथ आदि भी प्राचीन ग्रंथों में मिलते हैं।
- छठी शताब्दी ईस्वी तक उत्तर और दक्षिण भारत में मंदिर वास्तुकला शैली लगभग एकसमान थी, लेकिन छठी शताब्दी ई. के बाद प्रत्येक क्षेत्र का भिन्न-भिन्न दिशाओं में विकास हुआ
- आगे ब्राह्मण हिन्दू धर्म के मंदिरों के निर्माण में तीन प्रकार की शैलियों नागर, द्रविड़ और बेसर शैली का प्रयोग किया गया।

**मंदिर स्थापत्य**

| नागर | द्रविड़ | बेसर |
|---|---|---|
| पाल उपशैली | पल्लव उपशैली | राष्ट्रकूट |
| ओडिशा उपशैली | चोल उपशैली | चालुक्य |
| खजुराहो उपशैली | पाण्डय उपशैली | काकतीय |
| सोलंकी उपशैली | विजयनगर उपशैली | होयसल |
| | नायक उपशैली | |

| मंदिर | स्थल | कालखण्ड |
|---|---|---|
| गोलाकार ईंट व इमारती लकड़ी का मंदिर | बैराट जिला राजस्थान | तृतीय शताब्दी ईसा पूर्व |
| साँची का मंदिर-40 | साँची (मध्य प्रदेश) | तृतीय शताब्दी ईसा पूर्व |
| साँची का मंदिर-18 | साँची (मध्य प्रदेश) | द्वितीय शताब्दी ईसा पूर्व |
| प्राचीनतम संरचनात्मक मंदिर | ऐहोल (कर्नाटक) | चौथी शताब्दी ईसा पूर्व |
| साँची का मंदिर-17 | साँची (मध्य प्रदेश) | चौथी सदी |
| लड़खन मंदिर | ऐहोल (कर्नाटक) | पाँचवीं सदी ईस्वी सन् |
| दुर्गा मंदिर | ऐहोल (कर्नाटक) | 550 ईस्वी सन् |

**प्रश्न - निम्नलिखित सूर्य मंदिरों में कौनसा पाटन, गुजरात में स्थित है?**

**A. कोणार्क** **B. मोढ़ेरा**
**B. मार्तण्ड** **D. दक्षिणार्क**

**उत्तर - B**

**भारतीय मंदिरों के स्थापत्य की नागर, द्रविड़ और बेसर शैलियाँ**

**पूर्व मध्यकालीन शिल्पशास्त्रों में मंदिर स्थापत्य की तीन बड़ी शैलियाँ बताई गई हैं –** नागर शैली, द्रविड़ शैली और वेसर शैली।

नागर शैली – नागर शैली का प्रचलन **हिमालय और विन्ध्य पहाड़ों के बीच** की धरती में पाया जाता है।

द्रविड़ शैली – द्रविड़ शैली **कृष्णा और कावेरी नदियों के बीच** की भूमि में अपनाई गई।

वेसर शैली – वेसर शैली **विन्ध्य पहाड़ों और कृष्णा नदी के बीच** के प्रदेश से संबंध रखती है।

**नागर शैली**

इस शैली के सबसे पुराने उदाहरण **गुप्तकालीन मंदिरों में,** विशेषकर, देवगढ़ के दशावतार मंदिर और भीतरगाँव के ईंट-निर्मित मंदिर में मिलते हैं।

नागर शैली की दो बड़ी विशेषताएँ हैं – इसकी **विशिष्ट योजना और विमान।**

1. इसकी मुख्य भूमि आयताकार होती है जिसमें बीच के दोनों ओर क्रमिक विमान होते हैं जिनके चलते इसका पूर्ण आकार तिकोना हो जाता है। यदि **दोनों पार्श्वों में एक-एक विमान होता है तो वह त्रिरथ** कहलाता है। दो-दो विमानों वाले मध्य भाग को **सप्तरथ** और चार-चार विमानों वाले भाग को **नवरथ** कहते हैं। ये विमान मध्य भाग्य से लेकर के मंदिर के अंतिम ऊँचाई तक बनाए जाते हैं।

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | डांगा, झीका, छाऊ, लुझरी, झोरा, कजरी, नौटंकी , थाली, जट्टा |
| केरल | भद्रकली , पायदानी , कुड़ीअट्टम , कालीअट्टम , मोहिनीअट्टम |
| पश्चिम बंगाल | करणकाठी , गम्भीरा , जलाया, बाउल नृत्य , कथि , जात्रा |
| नागालैण्ड | कुमीनागा , रेंगमनागा , लिम, चोंग, खेवा |
| मणिपुर | संकीर्तन , लाईहरीबा , थांगटा की तलम , बसन्तराम , राखाल |
| मिजोरम | चेरोकान , पाखुलिया नृत्य |
| झारखण्ड | सुआ , पंथी , राउत , कर्मा , फुलकी डोरला , सरहुल , पाइका , नटुआ , छऊ |
| ओडिशा | अग्नि , डंडानट , पैंका , जदूर , मुदारी , आया , सवारी , छाऊ |
| उत्तराखण्ड | चांचरी / झोड़ा , छपेली , छोलिया , झुमैलो , जागर , कुमायूँ नृत्य, चौफल , छोलिया |
| कर्नाटक | यक्षगान , भूतकोला , वीरगास्से , कोडावा |
| आन्ध्र प्रदेश | घण्टा मर्दाला , बतकम्मा , कुम्मी , छड़ी , सिद्धि माधुरी |
| छत्तीसगढ़ | सुआ करमा , रहस , राउत , सरहुल , बार , नाचा , घसिया बाजा , पंथी |
| तमिलनाडु | कोलट्टम , कुम्मी कारागम् |
| अरुणाचल प्रदेश | युद्ध नृत्य, **लायन एंड पीक डांस, रिखमपाड़ा नृत्य, बुईआ नृत्य, खांपटी नृत्य, बारडो छम, तापु नृत्य, दामिंडा डांस, पोंग नृत्य,** |

**प्रसिद्ध वाद्य यंत्र एवं वादक**

| वाद्य यंत्र | वादक |
|---|---|
| बाँसुरी | हरिप्रसाद चौरसिया , रघुनाथ सेठ , पन्नालाल घोष , प्रकाश सक्सेना, देवेन्द्र मुक्तेश्वर, प्रकाश बढ़ेरा, राजेन्द्र प्रसन्ना |
| वायलिन | बालमुरली कृष्णन, गोविन्दस्वामी पिल्लई, टी एन कृष्णन, आर पी शास्त्री, संदीप ठाकुर, बी शशि कुमार, एन राजम |
| सरोद | अली अकबर खाँ , अलाउद्दीन खाँ, अशोक कुमार राय, अमजद अली खाँ |
| सितार | पं. रविशंकर, उस्ताद विलायत खाँ |
| शहनाई | बिस्मिल्ला खाँ, शैलेश भागवत, अनंत लाल, भोलानाथ तमन्ना, हरिसिंह |
| तबला | अल्ला रक्खा, जाकिर हुसैन, लतीफ खाँ, गुदई महाराज, अम्बिका प्रसाद |
| हारमोनियम | रवीन्द्र तालेगांवकर, अप्पा जुलगावकर, महमूद ब्रह्मस्वरूप सिंह , एस. बालचन्द्रन , असद अली , गोपालकृष्ण |
| वीणा | पं. शिवकुमार शर्मा, तरुण भट्टाचार्य |
| सारंगी | पं. रामनारायण, ध्रुव घोष , अरुण काले, आशिक अली खाँ, वजीर खाँ, रमजान खाँ |
| गिटार | विश्वमोहन भट्ट, ब्रजभूषण काबरा, केशव तालेगांवकर, नलिन मजूमदार |

**लोककला शैलियाँ**

| शैली | राज्य |
|---|---|
| रंगोली | महाराष्ट्र / गुजरात |
| अल्पना | पश्चिम बंगाल |
| मण्डाना , मेहँदी | राजस्थान |
| अरिपन, गोदना | बिहार |
| रंगवल्ली | कर्नाटक |
| ऐपण | उत्तराखंड |
| अदूपना | हिमाचल |
| चौक पूरना | उत्तर प्रदेश |
| कलमकारी, मुगगु | आंध्रप्रदेश |
| फुलकारी | हरियाणा |
| सथिया | गुजरात |
| कोल्लम | तमिलनाडु |
| कालम | केरल |

**वास्तुकला शैलियाँ**

| शैली | विशेषता | नमूने |
|---|---|---|
| नागर शैली | चतुर्भुजाकार भवन | सूर्य मन्दिर (कोणार्क), जगन्नाथ मन्दिर (पुरी), शैली भवन कन्दरिया महादेव मन्दिर (खजुराहो), दिलवाड़ा जैन मन्दिर (माउण्ट आबू) |
| द्रविड शैली | गोलाकार भवन | कैलाश मन्दिर (काँची), रथ मन्दिर (मामल्लापरम), शैली भवन वृहदेश्वर मन्दिर (तंजौर) |
| बेसर शैली | आयताकार भवन | कैलाश मन्दिर (एलोरा), दशावतार मंदिर (देवगढ़ शैली भवन झाँसी) |

**भारतीय चित्रकला**

भारतीय चित्रकारी के प्रारंभिक उदाहरण प्रागैतिहासिक काल के हैं, जब मानव गुफाओं की दीवारों पर चित्रकारी किया करता था। भीमबेटका की गुफाओं में की गई चित्रकारी 5500 ई.पू. से भी ज्यादा पुरानी है। 7वीं शताब्दी में अजंता और एलोरा गुफाओं की चित्रकारी भारतीय चित्रकारी का सर्वोत्तम उदाहरण हैं।

भारतीय चित्रकारी में भारतीय संस्कृति की भांति ही प्राचीनकाल से लेकर आज तक एक विशेष प्रकार की एकता के दर्शन होते हैं। प्राचीन व मध्यकाल के दौरान भारतीय चित्रकारी मुख्य रूप से धार्मिक भावना से प्रेरित थी, लेकिन आधुनिक काल तक आते-आते यह काफी हद तक लौकिक

## अध्याय – 2

## राष्ट्रवाद का उदय

- **1857 की क्रांति से पूर्व के विद्रोह**
  **राजनीतिक – धार्मिक आंदोलन**
  **फकीर विद्रोह ( 1776-77 )**
- **यह विद्रोह बंगाल में विचरणशील मुसलमान धार्मिक फकीरों द्वारा किया गया था।** इस विद्रोह के नेता मजनू शाह ने अंग्रेजी सत्ता को चुनौती देते हुए जमींदारों और किसानों से धन इक्कठा करना आरम्भ कर दिया।
- मजनू शाह की मृत्यु के बाद चिराग अली शाह ने आंदोलन को नेतृत्व प्रदान किया। पठानों राजपूतों और सेना से निकाले गये भारतीय सैनिकों ने उनकि मदद की।
- **देवी चौधरानी और भवानी पाठक इस आंदोलन से जुड़े प्रसिद्ध हिन्दू नेता थे।**
  **सन्यासी विद्रोह ( 1770 – 1820 )**
- **संन्यासी विद्रोह भारत की आज़ादी के लिए बंगाल में अंग्रेज़ हुकूमत के विरुद्ध किया गया।** एक प्रबल विद्रोह था। संन्यासियों में अधिकांश शंकराचार्य के अनुयायी थे।
- **इतिहास प्रसिद्ध इस विद्रोह की स्पष्ट जानकारी बंकिमचन्द्र चटर्जी के उपन्यास 'आनन्दमठ' में मिलती है।**
- बंगाल में अंग्रेज़ी हुकूमत के क़ायम होने पर जमींदार, कृषक, शिल्पकार सभी की स्थिति बद्तर हो गई थी।
- इसके अलावा बंगाल का 1770 ई. का भयानक अकाल तथा अंग्रेज़ी सरकार द्वारा इसके प्रति बरती गई उदासीनता इस विद्रोह का प्रमुख कारण थी।
- भारतीय जनता के तीर्थ स्थानों पर जाने पर लगे प्रतिबन्ध ने शान्त संन्यासियों को भी विद्रोह पर उतारू कर दिया। इन सभी तत्वों (जमींदार, कृषक, शिल्पी व संन्यासियों) ने मिलकर अंग्रेज़ी सरकार का विरोध किया।
- इस विद्रोह को कुचलने के लिए वारेन हेस्टिंग्स को कठोर कार्रवाई करनी पड़ी थी।

**पागलपंथी विद्रोह**

- उत्तर-पूर्वी भारत में प्रभावी **पागलपंथी एक धार्मिक पंथ था। उत्तर-पर्वी क्षेत्र में हिन्दू मुसलमान और गारो तथा जांग आदिवासी इस पंथ के समर्थक थे।**
- इस क्षेत्र में अंग्रेजों द्वारा क्रियान्वित भू-राजस्व तथा प्रशासनिक व्यवस्था के कारण व्यापक असंतोष था।
- इसके परिणामस्वरूप **1825 ई. में पागलपंथियों के नेता टीपू ने विद्रोह कर दिया।** यह विद्रोह लगभग दो दशकों तक चला। इस विद्रोह के दौरान टीपू इतना प्रभावशाली हो गया की उसने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में औपनिवेशक प्रशासन के समान्तर एक ओर प्रशासनिक तंत्र का गठन कर लिया। इस विद्रोह को 1833 ई. में दबा दिया गया।

**वहाबी आंदोलन (1830 – 70 )**

- वहाबी आंदोलन **मूलतः एक इस्लामिक सुधारवादी आंदोलन था।** जिसने **कालांतर में मुस्लिम समाज में व्याप्त अन्धविश्वास एवं कुरुतियों के उन्मूलन को अपना उद्देश्य बनाया।**
- इस आंदोलन के संस्थापक अब्दुल वहाबी के नाम पर इसका नाम वहाबी आंदोलन पड़ा।
- सैयद अहमद बरेलवी ने भारत में इस आंदोलन को प्रेरणा प्रदान की। इस आंदोलन के तहत सैयद अहमद ने सन 1830 में पेशावर पर नियंत्रण कर लिया और अपने नाम के सिक्के चलवाए। किन्तु 1831 में बालाकोट के युद्ध में इनकी मृत्यु हो गई।
